हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026



# कैसे बंटेगा एक साथ दो महीने का राशन ? स्टॉक में पर्याप्त चावल ही नहीं

## जिले में 1.70 लाख क्विंटल चावल की जरूरत, स्टॉक में महज 49 हजार क्विंटल ही चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर फरवरी महीने में दो माह का राशन वितरण करने कहा है। जिले में इसके लिए पौने दो लाख क्विंटल चावल की जरूरत पड़नी है, लेकिन राईस मिलर्स की लापरवाही और विभाग की उदसीनता का आलम है कि जरूरत के मुकाबले जिले में पांच गुना कम चावल का स्टॉक उपलब्ध है। ऐसे में दो महीने के राशन वितरण पर संशय की तलवार लटक गई है।

बड़ी बात यह है कि यह पहली बार नहीं है, जब नान के गोदामों में जरूरत से कम चावल का स्टॉक हो। इससे पहले भी पिछले एक साल के दौरान कई दफा चावल संकट देखने को मिल चुका है, लेकिन उसके बाद भी राईस मिलर्स पर दबाव बनाकर चावल जमा कराने में असक्षम प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। खाद्य संचालनालय के नए आदेश अनुसार फरवरी और मार्च महीने का राशन एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया गया है। जबकि नान के पांच गोदामों में आवश्यकता का सिर्फ 33 प्रतिशत स्टॉक ही बचा हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि चावल की उपलब्धता नहीं होने के कारण इस महीने राशन वितरण में देरी देखने को मिलेगी। जबकि हर महीने राशन लेने के लिए सर्वाधिक भीड़ पहले सप्ताह में ही दुकानों तक पहुंचती है। ऐसे में चावल नहीं होने से इन लोगों को दोबारा चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ सकता है।

### हर माह 85 हजार क्विं. जरूरत

मिली जानकारी के अनुसार जिले में पौने तीन लाख राशनकार्ड धारक परिवारों को राशन वितरण के लिए हर महीने लगभग 85 हजार क्विंटल चावल की जरूरत होती है। ऐसे में इस बार दो महीने का राशन एक साथ वितरण करने के लिए 1.70 लाख क्विंटल चावल की आवश्यकता है, परन्तु नान के पांच गोदामों में महज 49 हजार क्विंटल चावल ही शेष है। ऐसे में यदि अगले 4 से 5 दिनों में चावल जमा नहीं हुए तो राशन वितरण पिछड़ सकता है।



### जिले में 498 पीडीएस दुकानें

बताया जा रहा है कि स्टाक की उपलब्धता के आधार पर क्रमवार केंद्रों तक राशन पहुंचाया जाएगा। माना जा रहा है कि इसमें कम से 20 दिन लग सकते हैं। इसका मतलब है कि फरवरी के आखिरी दिनों तक दो महीने के राशन का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले में कुल दो लाख 62 हजार परिवारों को राशन दिया जाता है। इसमें बीपीएल परिवारों की संख्या दो लाख 28 हजार 36 है। वहीं एपीएल परिवारों की संख्या 34 हजार 184 है। इन परिवारों तक राशन पहुंचाने के लिए कुल 498 शासकीय राशन दुकानें मौजूद है। इनमें प्रतिमाह 85 हजार क्विंटल चावल की जरूरत होती है।

### तीन दर्जन मिलर्स ने रोका चावल

पिछले साल जिले में की गई सरकारी धान खरीदी के बाद उठाव पश्चात मिलिंग का कार्य लगभग 96 राईस मिलर्स को दिया गया था। इनमें से 43 राईस मिलर्स ने अब तक चावल जमा नहीं किया है। बताया गया कि पिछले सत्र का अब तक लगभग 30 लाख क्विंटल से अधिक कस्टम मिलिंग का चावल आना बाकी है। इनमें कारणों से ब्लैक लिस्टेड किए गए राईस मिलर्स का चावल भी शामिल है। चावल समय पर नहीं आने से राशन वितरण में दिक्कतें आ रही है।

---

## गूंजेगा अवैध प्लाटिंग और मोहारा फिल्टर प्लांट का मामला

# निगम की 9 फरवरी को सामान्य सभा, पार्षदों ने लगाए 25 सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव नगर निगम की इस शहर सरकार की पहली सामान्य सभा का आयोजन आगामी 9 फरवरी को किया जा रहा है। विषय आधारित पहली सामान्य सभा होने के चलते इसके हंगामेदार होने के आसार हैं। बताया गया कि पक्ष-विपक्ष के कुल 13 पार्षदों ने सामान्य सभा के लिए अपने प्रश्न लगाए हैं। इन पार्षदों द्वारा करीबन दो दर्जन प्रश्न लगाए गए हैं, जिनको लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं अगले महीने मार्च में बजट सभा का आयोजन किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की सामान्य सभा का आयोजन 9 फरवरी को किया जाना तय किया गया है। इस सामान्य सभा के दौरान में शहर के विकास, वार्डों की समस्याओं, बजट और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सभा में महापौर, आयुक्त और पार्षद भाग लेंगे, जहां जनहित से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि इस शहर सरकार के एक साल के कार्यकाल की यह पहली सामान्य सभा होगी। इससे पहले अप्रैल महीने में भी एक बजट सभा का आयोजन किया गया था। बताया गया कि इस सामान्य सभा में कई महत्वपूर्ण कामों को लेकर चर्चा की जाएगी। यही कारण है कि दोनों दल इस सामान्य सभा को लेकर अपनी तैयारियों में भी जुट गया है।

**खास बातें**

- सवाल आधारित यह सरकार की पहली सामान्य सभा बैठक
- कुल 13 पार्षदों ने लगाए सभा के लिए सवाल




### भाजपा कर चुकी बैठक

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस सामान्य सभा को लेकर भाजपा पार्षदों की एक बैठक आयोजित की जा चुकी है। बताया गया कि शहर के करीब ही एक फार्म हाउस में आयोजित इस बैठक में मेयर मधुसूदन यादव के अलावा भाजपा के सभी 40 पार्षद शामिल हुए थे। इन पार्षदों को न केवल सामान्य सभा की जानकारी दी गई थी, बल्कि अगले महीने होने वाली बजट सभा से पहले प्रस्ताव भी मांगए गए हैं।

### निगम में विपक्षी नहीं दिखा रहे ताकत

पिछले साल फरवरी महीने में चुनाव के बाद नगर निगम में सत्ता परिवर्तन हुआ है। अब विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस है, जिनके निगम में कुल आठ पार्षद हैं। जनता को उम्मीद थी कि पिछले पांच साल तक सत्ता में रहे कांग्रेसी नेता विपक्ष में भी जनहित में सवाल उठाते रहेंगे, लेकिन पिछले एक साल के दौरान निगम सरकार के खिलाफ विपक्षी पार्षद भी सवाल उठाते नहीं दिख रहे हैं। इस सामान्य सभा में भी कांग्रेस के बैकफुट पर ही रहने की संभावना जताई जा रही है।

**इस तरह के प्रश्न शामिल :** मिली जानकारी के अनुसार सामान्य सभा के प्रश्नकाल के लिए कुल 13 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं। इनमें 12 पार्षदों द्वारा 2-2 प्रश्न एवं एक पार्षद द्वारा एक ही प्रश्न इस तरह कुल 25 प्रश्न लगाए गए हैं। इनमें भाजपा के एक पार्षद द्वारा शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग से संबंधित प्रश्न लगाया गया है। इसके अलावा कांग्रेस पार्षद द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम उपयोग को लेकर प्रश्न लगाया है। चौक-चौराहों के नामकरण के अलावा निराश्रित पेंशन, सफाई ठेका जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी प्रश्न लगाए गए हैं।

---

# टीईटी परीक्षा में ढाई हजार परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, कठिन सवालों ने उलझाया

- परीक्षार्थियों को जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा
- 45 परीक्षा केन्द्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। परीक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों को काफी जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा के लिए 45 केंद्र बनाए गए थे।

प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 03 बजे से 5.45 बजे तक आयोजित हुई। इस परीक्षा में प्रथम पाली में 8071 परीक्षार्थियों में 7022 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 1049 अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली में दर्ज 13179 परीक्षार्थी में से 1356 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 11823 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।



### प्रवेश से हुए वंचित

इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को लगभग 2 घंटे पहले बुलाया गया था, ताकि जांच और अन्य प्रक्रिया के चलते परीक्षा में विलंब ना हो, लेकिन कई परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थी लगभग 10 -15 मिनट पहले पहुंचे, जिन्हें समय अवधि पूर्ण होने की वजह से प्रवेश नहीं दिया गया। कुछ परीक्षा केंद्रों के बाहर प्रवेश से वंचित हुए परीक्षार्थियों ने नाराजगी भी जाहिर की। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व नियमानुसार सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया था।

### प्रश्नों को पढ़ने में लगा समय

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित टीईटी अपर प्राईमरी और प्राइमरी की इस परीक्षा में डेढ़ सौ प्रश्न पूछे गए थे। इन प्रश्नों में माइनस मार्किंग नहीं होने के चलते परीक्षार्थी प्रश्नों को ठीक से समझे बिना ही टीक करते चले गए। यहां परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर सही आया था, लेकिन टाइम मैनेजमेंट नहीं हो पाया। परीक्षा देकर निकली जीनत गाजी कुरैशी ने बताया कि इस परीक्षा में डेढ़ सौ प्रश्नों के लिए डेढ़ सौ अंक थे। जिसमें 90 नंबर पासिंग के लिए लाने होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नों को पढ़ने में काफी समय लग गया।

### नकल रोकने नियमों का पालन

परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि नकल प्रकरण रोकने के लिए जारी निर्देश का पालन किया गया और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, टोपी, चश्मा, बेल्ट, घड़ी, पर्स सहित अन्य उपकरण परीक्षा केंद्र से बाहर रखा गया था। वहीं नियमानुसार परीक्षार्थियों को हल्के रंग का कपड़ा पहनकर आने कहा गया था।

---

## मवेशियों को हाकते महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाते पकड़ाए

**मोहला।** मवेशियों को मारते-पीटते हाकते हुए महाराष्ट्र कत्लखाना की ओर ले जाते आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 12 नग बैल, 6 नग बछवा जब्त कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत 01 फरवरी को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी नंदलाल पारधी 35 साल भनसुला, ब्रम्हानंद ऊर्फ लक्की पारधी 20 साल ग्राम भनसुला को पूछताछ करने पर उक्त 18 नग मवेशियों को कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाना बताने पर एवं उक्त आरोपी द्वारा मवेशियों को अपने कब्जे से पेश करने पर समक्ष गवाहान के मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त कर वजह सबूत में कब्जा पुलिस लिया गया है।

### 18 मवेशी बरामद

आरोपियों द्वारा उक्त 18 नग मवेशी जिसमें 6 नग लाल रंग का बैल, 6 नग सफेद रंग का बैल, 6 नग बछड़ा जिसमें 2 नग सफेद रंग, 3 नग लाल रंग एवं 1 नग काला रंग को मारते-पीटते हाकते हुए कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपी नंदलाल पारधी 35 भनसुला और ब्रम्हानंद ऊर्फ लक्की पारधी 20 साल भनसुला द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

**माय एंगल**




---

## भाजपा कार्यालय में बजट का लाइव प्रसारण

# कृषि मंत्री ने कहा सर्वहित का रखा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा के सदन में वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। इस बजट को देखने-सुनने की व्यवस्था जिला भाजपा कार्यालय में की गई थी, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट को समझा। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय बजट को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक बजट है। यह देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट से युवा, बेरोजगार, उद्योग, कृषि महिला सबका ध्यान रखा गया है। यह बजट विकसित भारत बनाने का बजट है, जो 2047 के विकसित भारत को साकार करेगा।



### टैक्स, टैरिफ, आयात सीमा शुल्क में छूट

केंद्रीय कृषि मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस बजट में नया आयकर अधिनियम 2025 अप्रैल 2026 से प्रभावित होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर वर्तमान के 5 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है। महत्वपूर्ण खनिज के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात सीमा शुल्क पर छूट दी गई है। व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयात की जाने वाली वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ दर को 20 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत किया गया है। बजट लाइव प्रसारण के दौरान महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित बजट को सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सराहा है।

---

## वाद-विवाद, 4 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




शांति भंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे चार अनावेदकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।


पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अभियान के तहत ग्राम ठेकवा, ग्राम बिरेझर, ग्राम टेडेसरा में वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले अनावेदक मनोज सोनी 28 साल निवासी ग्राम ठेकवा, जितेन्द्र पासवान 35 साल निवासी ग्राम अंजोरा दुर्ग पारा, यशवंत साहू 34 साल निवासी ग्राम मुढीपार और जितेन्द्र ठाकुर 21 साल निवासी ग्राम टेडेसरा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदकों को प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया है।

---

## पश्चिमी विक्षोभ का असर, दिन का तापमान 30 डिग्री के पार..बढ़ी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दो महीने से जारी ठंड के कहर के बाद अब अंचल में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। जिले में मौसम फिलहाल शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले तीन दिनों के दौरान अंचल सहित प्रदेश के अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से अधिक है। वहीं इसके अगले एक सप्ताह में और बढ़ने की संभावना है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के करीब रहा। जिसके चलते रात के दौरान भी ठंड का एहसास कम होने लगा है।



### शुष्क रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर अफगानिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक फ्रेश पश्चिमी विक्षोभ 2 फरवरी को तथा दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 5 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में कल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में 2 फरवरी से उत्तर छत्तीसगढ में वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

---

## जिले में 44 लाख क्विंटल से अधिक धान उपार्जन केंद्रों में जाम

# धान खरीदी के बाद आज से उठाव अभियान मिलर्स के साथ ही संग्रहण केंद्रों में भी रखेंगे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाई महीने की धान खरीदी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब आज से उठाव अभियान का आगाज होने जा रहा है। राईस मिलर्स के अलावा ट्रांसपोर्टर्स के जरिये धान को संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

ज्ञात हो कि जिले में अभी लगभग 44 लाख क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में डंप पड़ा हुआ है। ऐसे में इतनी बड़ी मात्रा में धान के उठाव में दो महीने से अधिक का समय लग सकता है। हालांकि जिला प्रशासन ने मिलर्स को जल्द से जल्द उठाव के निर्देश दिए हैं। इधर राईस मिलर्स ने भी निर्देश मिलने के बाद अब उठाव की तैयारियां शुरू कर दी है। बताया गया कि आज से समितियों में वाहनों की कतार लगना शुरू हो जाएगा। पहले दौर पर उन उपार्जन केंद्रों से उठाव कराया जाएगा, जहां अधिक मात्रा में धान डंप पड़ा हुआ है। इसके लिए ट्रांसपोर्टर्स के जरिये भी संग्रहण केंद्रों तक धान पहुंचाने की कार्रवाई की जाएगी।

**खास बातें**

- राजनांदगांव जिले में 6249033 क्विं में से 1836551 क्विंटल धान का ही उठाव किया गया
- जिले में 4 संग्रहण केंद्र, इनमें भी रखा जाएगा धान



### प्रति क्विंटल मिलेगी तीन रुपए की राशि

ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार ने साफ कर दिया है कि यदि फरवरी महीने में उठाव पूरा नहीं होता है तो एक मार्च की स्थिति में शेष धान के बदले समिति प्रबंधकों को प्रति क्विंटल तीन रुपए की राशि दी जाएगी। हालांकि समिति प्रबंधक सूखत मान्य करने की मांग कर रहे हैं।

**बारिश की भी आशंका:** मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश की आशंका जताई गई है। जिसका असर राजनांदगांव सहित दोनों नए जिलों में भी देखने को मिल सकता है। ऐसे में उपार्जन केंद्रों में डंप 60 लाख क्विंटल से अधिक धान को सुरक्षित रखना भी समिति प्रबंधकों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य साबित होने वाला है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया बागवानी की सफाई

**अर्जुनी।** बैगलेस डे के मौके पर शनिवार को प्राथमिक शाला सुखरी की कक्षा पांचवीं के छात्र छात्राओं ने प्रधान पाठक सपना भारद्वाज के निर्देशन में बागवानी की सफाई किया। बच्चों ने खरपतवार साफ करते हुए सिंचाई और पानी निकासी का भी प्रबंध किया।

### बुन्देली में मना रजत महोत्सव

**सड़क अतरिया।** विद्युत विभाग बुंदेली द्वारा शनिवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्युत विभाग द्वारा भव्य छत्तीसगढ़ रजत



महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों, विद्युत उत्पादन, वितरण एवं उपभोक्ता सेवाओं में हुए नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सस्ती, सतत एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा राज्य के विकास में विद्युत विभाग की भूमिका को रेखांकित करना रहा। महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी, जनजागरूकता कार्यक्रम, एवं विभागीय सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### रविदास जयंती समारोह 8 को

**पटेवा।** पटेवा में आगामी 8 फरवरी को मेहर समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता



स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता ध्रुवकुमार मिर्जा चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम में खेमराज बाकरे केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मेहर समाज, किरण विनोद बारले शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू, लक्ष्मी वर्मा, नरेंद्र वर्मा, ललित साहू, विरेन्द्र हिरवानी, नीलकंठ साहू, पुसऊलाल वर्मा, मिथलेश साहू, छन्नू कन्नोजे होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। दोपहर 2 बजे मूर्ति स्थापना एवं पूजा अर्चना होगी। रात्रि 8 बजे से जय मां दुर्गा बाल झांकी परिवार पाबंदी धमधा का कार्यक्रम रखा गया है।

### जैन को मिली एलएलबी की डिग्री



**खड़गांव।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में गत दिनों आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में हरिभूमि के संवाददाता विजय कुमार जैन को एलएलबी की डिग्री से नवाजा गया। श्री जैन ने एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद आल इंडिया बार काउन्सिल परीक्षा क्वालीफाई कर लिया है। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में 30 जनवरी को आयोजित दीक्षांत समारोह आयोजित में राज्यपाल रमेन डेका ले डिग्री प्रदान की।

### महायज्ञ में पूर्णाहुति देने उमड़े श्रद्धालु

**खुज्जी।** ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण



महायज्ञ का समापन 1 फरवरी को पूर्णाहुति, गो-पूजन, विसर्जन एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराया। संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के संरक्षण में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामचरितमानस महोत्सव अंतर्गत मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से जनमानस को भक्ति रस में सराबोर किया। महायज्ञ के दौरान सांसद संतोष पांडे ने आश्रम पहुँचकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित अन्य स्थलों के दर्शन किए। समापन अवसर पर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी ने महायज्ञ में शामिल समस्त श्रद्धालुओं तथा इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा

**बांधाबाजार।** रजत जयंती महोत्सव के तहत विद्युत विभाग ने ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में जनप्रतिनिधि, विभागीय




अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, जिपं सदस्य शेश्वरी धुर्वे, संदीप मेश्राम, विनीत शर्मा, संतोष शुक्ला, गोपाल खंडेलवाल, सागर गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में 25 वर्षों की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए विकास कार्यों एवं जनसेवा में विभाग की भूमिका पर चर्चा की गई।

### प्रीति और किरण बनी महिला मोर्चा की महामंत्री

**गंडई पंडरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा चौबे ने



अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष डॉ. विशेषर साहू की अनुशंसा पर की गई। नई कार्यकारिणी में कांता यादव, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, पुष्पा वर्मा, ममता राजपूत, ज्योति पटेल एवं अनुभा जैन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री की जिम्मेदारी अधिवक्ता प्रीति यादव, किरण गुप्ता को मिली है। सोनिया दुबे को कोषाध्यक्ष तथा वंदना टांडेकर को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्री का दायित्व ललिता साहू, रेखा देवदास, शकुन पटेल एवं अमेरिका यादव को सौंपा गया है। नीलम सिंह राजपूत सोशल मीडिया प्रभारी होंगी। श्रीमती उमा चौबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया है।

### जस गायन और झांकी छह से

**चिचोला।** रंगीटोला में मां शीतला सेवा युवा भजन मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 7 एवं 8 फरवरी को देवी जस गायन एवं झांकी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। आगामी 6 फरवरी को कलश यात्रा शीतला मंदिर प्रांगण से निकाला जाएगा। शुभारंभ संध्या 7 बजे से होगा।

## जिले में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में कार्यक्रम संपन्न

# माता-पिता के छलके आंसू, मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के तत्वावधान में लालबाग स्थित सिंधु भवन में सुंदर तरीके से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। माता-पिता को ऊँचे आसान में बिठाकर उनकी पूजा-अर्चना किया गया, फिर आरती की थाली लेकर माता-पिता की आरती किया गया। यह भावविभोर दृश्य देख माता-पिता के साथ बच्चों के आंखों से आंसू बहने लगे।

इस सुंदर आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, प्रकाश वाधवानी, लक्ष्मीचंद आहूजा सहित गणमान्य लोग शामिल हुए।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2006 में संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की पहल की, जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की है।



### लोगों की रही उपस्थिति

इस आयोजन में मुख्य रूप से रमेश भोजवानी, हरीश कटियारा, टहलूराम साहू, हेमंत देशमुख, महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी, शिखा डेमबानी, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, रानी कटियारा, सुषमा भोजवानी, भूमि गिड़लानी, जया जयसिंघानी, कोमल ललवानी, सरिता भोजवानी, रेशमा कटियारा, भाविका चिचेरिया, ममता बजाज, रेखा बहन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### माता-पिता का आशीर्वाद सच्ची सफलता: मोटलानी

कार्यक्रम में सम्मिलित पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूलाल मोटलानी ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे उनका आदर करें और जीवन में सफल होकर नाम रोशन करें। आज के समय में मातृ-पितृ पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों को पतन से उत्थान की ओर ले जा रहा है। बच्चों का भविष्य उज्ज्वल तो हो ही रहा है। साथ ही माता-पिता का हृदय भी बच्चों के लिए अपार आशीर्वाद से भरा होता है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही सच्ची सफलता मिलती है।

### बच्चों ने की पूजा-अर्चना

बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। विधिवत हुए इस पूजन कार्यक्रम की उपस्थित लोगों के हृदय से स्वीकारा की, ऐसे दिन को बड़े भव्यता के साथ सभी को करना चाहिए। दो सौ से अधिक स्थानों पर आयोजन के श्री साहू ने बताया कि राजनांदगांव जोन में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है तथा 14 फरवरी तक 500 स्थानों तक करने का लक्ष्य है।

## धर्मनगरी में भागवत कथा का आयोजन 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन आगामी 9 से 15 फरवरी तक होगा। इस दौरान भागवत महात्म्य, प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिवसती प्रसंग, कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुख्मणी विवाह सहित अनेक प्रसंगों का भावपूर्ण वाचन किया जाएगा। अंत दिन सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं महाआरती होगी। इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड 23 के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है।

### योजनाओं की दी जानकारी

**डोंगरगढ़।** विद्युत वितरण केंद्र मुसराकला के तत्वावधान में 30 जनवरी को कुसमी रजत जयंती




कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य जनपद सभापति सीमा ओम साहू थी। कार्यक्रम में सरपंच तीरथ पटेल, गायत्री टेम्बुरकर, सहायक अभियंता लाखनसिंह ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता कमलेश सोनवानी, अश्वनी पैकरा, ओमप्रकाश लिल्हारे, ओंमकार लिल्हारे, बजरंग साहू, लाइनमेन ईश्वरी वर्मा, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में विभागीय योजना के बारे में जानकारी दी गई। वीडियो क्लिप के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया। नियमिति भुगतान करने वाले श्रेणीवार 5-5 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## रजत जयंती कार्यक्रम में उपभोक्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने छिरपानी प्रागंण में रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम की शुरूवात की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ शहर के हर घर तक पहुँचना उनका लक्ष्य है। इस योजना के माध्यम से शहर में निवासरत परिवारों को उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनाकर उनके अतिरिक्त आय के संसाधन मुहैय्या कराने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने पिछले 25 वर्षों मे अनवरत विकास एवं जन सुविधाओं का विस्तार किया है जिससे सामान्य नागरिको के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया हैं।

### उपलब्धियों की सराहना

अतिथियों ने पीएम सूर्य घर, बीपीएल कनेक्शनधारी, महिला उपभोक्ता, कृषक एवं जीवन ज्योति योजना के उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता प्रीतम जैकब, सीमा ढ़ील मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर को पीएम सूर्य घर से जगमगाने का प्रस्ताव रखेंगे। कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विभागीय योजनाओं से अवगत कराया।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

**डोंगरगढ़।** आजाद चौक गोल बाजार में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाया। कार्यक्रम के बाद हाईस्कूल चौक में मनरेगा का



नाम बदलने एवं धान खरीदी की तिथि को बढाने की माँग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में किया गया। आभार प्रदर्शन हरीश भंडारी ने किया। इस दौरान विष्णु लोधी, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, ललित साकरे, रितु निर्मलकर, बिंदाबाई, निशा निर्मलकर, ममता शिंदे, रेखा खोब्रागढ़े, सारिका, प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, रामजी तराने, बबलू शांडिल, संदीप सिंह गहरवाल, संजय यादव, जकतारण, पप्पू इंदुलकर, नरेश करसे, ऋषि शर्मा, गणेश प्रसाद, तरुण फुले, भाऊ दास मेश्राम, रितेश रामटेक, दशरथसिंह, डॉ. दिलीप नसीने, रजत देशपांडे, निर्मल जैन, दशरत सोनी, संजू गुप्ता, रवि तिवारी, सूरज साहू, मनोज साहू, रवि बगमारे, के विनायक राव, अक्षय चौरड़िया, मो सिराज, बिंदेश सिन्हा, जहीर खान, सूरज अम्बादे, प्रशांत कांडे, केशव तांडी, अमन उजवने, एडविन हैदर आदि मौजूद थे।

## बैठक में समाजिक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर की बैठक गत दिनों अध्यक्ष गिरवर साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष गिरवर साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे अंतिम गाँव तक पहुंच कर समाज की नियमावली से सामाजिकजनों को अवगत कराने, समाज मे फैल रही कुरीति को दूर करने जागरूकता अभियान चलाना होगा। इस अभियान के माध्यम से हमे बच्चों को भी जोड़ने का अवसर मिलेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कोमल साहू, रोहित साहू, नागराज साहू, राजेश साहू, अश्वनी साहू, कमलेश साहू, राजेन्द्र साहू, मीणा साहू, मदनगोपाल साहू, उभेराम साहू, मिनेश साहू, महेतरु साहू, रामखिलावन साहू, रोहित साहू, फागुराम साहू, कैलाश साहू आदि उपस्थित थे। संचालन तहसील साहू संघ के सचिव रामाधीन साहू ने किया।



## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशली बच्चे सम्मानित

### बच्चों को मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव

स्थानीय विद्याश्री विजडम स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सुसज्जित तरीके से सजाया गया था।

मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी हेमलता दास, अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन, विशेष अतिथि सरपंच हेमचंद्र कृषाणे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कुरैटी, तोमन साहू, शिक्षक श्री ठाकुर थे।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, नाटक एवं कविता पाठ शामिल थे।

नशा नाश की जड़ है का संदेश देते हुए नाटय मंचन किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। छत्तीसगढ़ की परंपरा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं की जमकर तारीफ की। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है और ऐसे कार्यक्रम शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति को मजबूत करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम, माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल थे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि रोहित चंद्राकर, गंगादास वैष्णव, तिलक सिन्हा, निमेश अग्रवाल, आरपी द्विवेदी, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, वेदना देशमुख, संध्या पाण्डेय, सिया सैनी, जमुना साहू, रामविलास साहू, चुनेश्वर साहू, चंदू साहू, मनहरण साहू, बल्देव साहू, पूनमचंद साहू, नूतन यादव, देवेंद्र नंदेश्वर थे। इस मौके पर कक्षा अरुण से अष्टम तक के प्रथम, द्वितीय आने भैया बहनों को सम्मानित किया गया। संकुल, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव मौजूद थी। संचालन अमित साहू, टामिन साहू, आभा सेन ने किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।

### धनगांव में श्रद्धा से मनाया गया गुहा जयंती

# एक जोड़े का हुआ आदर्श विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा, खुज्जी एवं पंचगईहा चारभाठा कुल्हाडी. के तत्वावधान में श्री राम भक्त गुहाराज निषाद जयंती गत दिनों श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह आयोजन श्री राम-जानकी मंदिर धनगांव प्रांगण में किया गया। इस मौके पर सौ का. सीमा सुपुत्री सेतलाल निषाद निवासी मोखली का चि. नोयल सुपुत्र बलराम निषाद निवासी चां का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिहा निषाद ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है जिसे भगवान राम जी के चरणों को छूने का अवसर मिला हो लेकिन निषाद समाज के गुहाराज निषाद को यह अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबको भवसागर से पार कराते है लेकिन गुहाराज निषाद ने भगवान श्रीराम के चरणों को धोकर नाव से गंगा पार कराया। उन्होंने आदर्श विवाह की सराहना करते हुए कहा कि खर्चीली शादी से बचने के लिए यह आयोजन जरूरी है। श्रीमती वैष्णव ने निषाद समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया तथा ग्रामीणों की मांग पर धनगांव में कला मंच और मुक्तिधाम शेड निर्माण की घोषणा की।

### सामाजिक एकता का प्रतीक

समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, हिरेन्द साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भक्त गुहाराज निषाद ने निस्वार्थ मित्रता से भगवान श्री राम को पाया। कार्यक्रम में टीकम निषाद, छगन निषाद, मौजीराम निषाद, पन्ना निषाद, संजय सिन्हा, विमला सिन्हा, हिरदे देवांगन, लक्ष्मी मंडावी, सुन्दर साहू, कोमल सिन्हा, टेकराम निषाद, शिवप्रसाद निषाद, मुरारी निषाद, तारम निषाद, दिनेश शाबला, रामकुमार विश्वकर्मा, गजेन्द्र वैष्णव, पुनम साहू, बिसौहा धुर्वे, नानकराम चंद्रवंशी उपस्थित थे। संचालन महेश बंजारे एवं आभार व्यक्त गौतरिया निषाद ने किया। कार्यक्रम में भागवत निषाद, हरिश साबला, गरीबा निषाद, लिलेन्द्र निषाद, रामाधार निषाद, दाताराम, धन्नूराम, प्रमिलाबाई, भूषण निषाद, रामजी निषाद, दुर्योधन निषाद, मुरारी निषाद, महेन्द्र साबला, लालसिंग, देवसिंग, रेखा निषाद, मुरारी, पुरुषोत्तम, अर्जुन निषाद, पंचराम, श्यामलाल, शिव प्रसाद, देवशरण, रजनु, शंकर, प्रताप, दिनेश, स्वरुप, शंकर, लाखु राम, उत्तम निषाद, बिराजो बाई, हुरोतिन, लता निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

## मेधावी बच्चे सम्मानित



■ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जेवरतला

अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ टटेंगा ने कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभावान छात्र एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, प्रबुद्ध नागरिक का सम्मान किया। गत दिनों इस कार्यक्रम में पांचवी में प्रथम रितिका साहू, द्वितीय काव्या साहू, आठवीं में प्रथम मौली साहू, द्वितीय लौनिका सुधाकर, दसवीं में प्रथम सुषमा सुधाकर, द्वितीय लीना सुधाकर, बारहवीं मे प्रथम टिकेश्वर सुधाकर, द्वितीय पंकज यादव, सेवानिवृत्त देवेन्द्र रामटेके का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोधन साहू ने की। कार्यक्रम में उत्तमचंद साहू, गेंदालाल देवांगन, पुरुषोत्तम उर्वशा, चंद्रशेखर उर्वशा, नेतराम सुधाकर, पोषण उर्वशा, देवी सुधाकर, बुधरु यादव, हेमंत करायत, विरेन्द्र यादव, सुखनंदन सिन्हा, पुरन देवांगन, गेंदलाल साहू, दुर्जन साहू, ईश्वर बघेल, चन्द्रकुमर कोरटिया, ईगमन सुधारक, अशोक सुधाकर, ज्ञानेन्द्र सुधाकर, जीतू करसेल, आंसू सोनपिपरे आदि शामिल हुए।

बजट 2026

## केन्द्रीय बजट पर नेताओं और नागरिकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# भाजपा ने कहा विकसित भारत का बजट कांग्रेस ने बताया जनता के लिए निराशाजनक

### खुलेंगे नए रास्ते

छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव सहित राज्य के 32 स्टेशनों के कायाकल्प का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में और गति पकड़ेगा।

इसी प्रकार किसानों के लिए भारत-विस्तार नामक बहुभाषी एआई टूल लॉन्च किया गया है, जो छत्तीसगढ़ी और अन्य स्थानीय भाषाओं में कृषि संबंधी सलाह देगा। राज्य की ग्राम पंचायतों में यूपीआई और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आधारभूत अधोसंरचना विकास पर सरकार के छह गुना वृद्धि किए जाने का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिलेगा। कुल मिलाकर बजट विकास परख है।

**- संतोष पांडे,** सांसद

### ठोस बजट

यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट है, जो "विकसित भारत" के लक्ष्य को साकार करने की मजबूत नींव रखता है। बजट में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करने, सिंचाई, भंडारण एवं वैल्यू-एडिशन को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रावधान सराहनीय है।

**- मधुसूदन यादव,** महापौर

### सबकी चिंता

यह बजट नरेंद्र मोदी के विजन और उनकी दूर दृष्टि का बजट है। जिसमें पिछले 10 सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 22 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है और अब सरकार सर्विस सेक्टर पर जोर देते हुए पढ़ाई से लेकर रोजगार और उद्यम स्थापित करने पर ध्यान दे रही है।

**- अभिषेक सिंह,** पूर्व सांसद

### रसोई बजट से बाहर

आज गैस सिलेंडर,दाल, तेल, दूध,दवाइयां और स्कूल फीस सब आम आदमी की पहुंच से बाहर है। बजट में मध्यम वर्ग और गरीब के लिए कोई टैक्स राहत नहीं। यह बजट थाली हल्की करता है, कॉरपोरेट की तिजोरी भारी, यह बजट अमीर-पक्षीय, जन-विरोधी और भविष्य-विरोधी है। **-हेमा देशमुख,** पूर्व महापौर

### बनेगा विकसित भारत

बजट देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह बजट समावेशी विकास, नवाचार, रोजगार सृजन, कृषि सुदृढ़ीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**- नीलू शर्मा,** अध्यक्ष, छग पर्यटन मंडल

### देश की ग्रोथ तेजी से बढ़ेगी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट से देश को नई दिशा मिलेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने मेन्युफैक्चरिंग में वैल्यू एडिशन बढ़ाने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के साथ-साथ बैंकिंग सेक्टर को सस्ता और आसान कर्ज दिलाने पर फोकस किया गया है। **- संतोष अग्रवाल,** वरिष्ठ भाजपा नेता

### विकास मूलक बजट

इस बजट में विकास की गति को कायम रखने की कोशिश की गई है। निवेश को एवं नई औधोगिक इकाई की स्थापना एवं पूंजीगत निर्माण के विस्तार से रोजगार का सृजन होगा। बजट दीर्घकालीन लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

**- सुरेश एच. लाल,** वरिष्ठ भाजपा नेता

### आम आदमी का बजट

बजट आम आदमी, किसान, युवा, महिला उद्यमियों और कारोबारियों के लिए नए अवसर प्रदान करने वाला है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर, उत्पादन, तकनीक और छोटे कारोबारियों को बढ़ावा देने के प्रावधान स्वागतयोग्य है।

**- अनिल बरडिया,** संरक्षक कैट

### स्वदेशी पर दिया जोर

इस बार का बजट विश्व के मापदंड पर भारत कैसे आगे जाएगा उससे प्रेरित है। विकसित भारत की कल्पना का और स्वदेशी के ऊपर अधिक फोकस किया गया है। समुद्री जहाज को भी स्वदेशी फार्मूले से बनाया जाएगा यह एक बहुत बड़ी घोषणा है।

**- अशोक चौधरी,** भाजपा नेता

### स्वदेशी वस्तुओं पर भी फोकस

यह बजट व्यापारियों को राहत देगा, स्वदेशी निर्मित वस्तुओं पर भी फोकस किया गया है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। देश का व्यापार भी बढेगा। विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट आगे की सोच को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

**- कमलेश बैद,** अध्यक्ष, चेंबर ऑफ कॉमर्स

### सभी वर्ग को साधने वाला बजट

केंद्रीय बजट सभी वर्गों को प्रसन्न करने वाला बजट है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया गया है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। बजट से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचेगी।

**- भरत वर्मा,** उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

### महंगाई पर सरकार मौन

केंद्रीय बजट को किसान, मजदूर और युवाओं के खिलाफ है। बजट केवल बड़े उद्योगपतियों और कॉरपोरेट सेक्टर को लाभ पहुंचाने वाला है। महंगाई, बेरोजगारी और रोजमर्रा की जरूरतों के बढ़ते खर्चों पर बजट में कोई ठोस राहत नहीं दी गई है।

**- विशु अजमानी,** सचिव, अल्पसंख्यक विभाग

### रोजगार की गारंटी नहीं

पिछली बजट की राशि खर्च कर सकने में असफल भाजपा की केंद्र सरकार जो मनरेगा को समाप्त करने की जो साजिश की है। मांग आधारित रोजगार गारंटी मनरेगा को समाप्त कर बजट आधारित वीबी जी राम जी योजना की डफली भाजपा बजा रही है।

**- कुसुम दुबे,** सचिव, प्रदेश महिला कांग्रेस

### बजट खाली डिब्बे जैसा

बजट में जनता के लिए कोई ठोस राहत नहीं है और न ही इसमें महंगाई, बेरोजगारी या आम आदमी की समस्याओं का समाधान नजर आता है। यह बजट पूरी तरह से खोखले दावों से भरा हुआ है और इसमें कहीं भी योजना नहीं है।

**- गुरभेज सिंह माखिजा,** अध्यक्ष, युवा कांग्रेस

### छात्रों और किसानों की उपेक्षा

सरकार लगातार युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार के सपने दिखा रही है, लेकिन बजट में इसके लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। विदेश में पढ़ाई की बात जरूर की गई है, लेकिन इसका लाभ केवल वही उठा सकते हैं जो पहले से आर्थिक रूप से सक्षम है।

**- विभा साहू,** सदस्य, जिला पंचायत

### मध्यम वर्ग की उपेक्षा

जनता को निराश करने वाला बजट है। इस बजट में आम जनता अपने आपको पूरी तरह से ठगा हुआ महसूस कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों पर सरकार का कोई ठोस जवाब नहीं है। इस बजट में मध्यम वर्ग को नजरअंदाज किया गया है। **- रितेश जैन,** पूर्व अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस

### संकट पर पर्दा डालने वाला

केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट देश की जनता की उम्मीदों के साथ खुला धोखा है। यह बजट न महंगाई से राहत देता है, न बेरोजगारी पर वार करता है और न ही किसानों की बदहाली का कोई समाधान पेश करता है।

**- अभिमन्यु उदय मिश्रा,** मीडिया पैनलिस्ट छग प्रदेश

### प्रगतिशील एवं परिणामोन्मुखी

महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान एवं सटीक संख्यात्मक आवंटन शामिल किए गए हैं। बजट महिला को सबल बनाने की दिशा में मिल का पत्थर होगा। प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना से लड़कियों की शिक्षा में सुधार होगा।

**- दिनेश गांधी,** पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत

### कल्याण की भावना से प्रेरित

सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प को चरितार्थ करता यह बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः समर्पित है। बजट समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने वाला है। **-किरण वैष्णव,** अध्यक्ष, जिपं

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

यह बजट विकास, रोजगार और आम नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

यह बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के हितों को मजबूत करने वाला है। बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**- हरीश शर्मा,** सांसद प्रतिनिधि

### मध्यमवर्गीय विरोधी बजट

देश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट गांव, गरीब ,किसान एवं मध्यवर्गीय विरोधी बजट है। मनरेगा को वीबी जी-राम-जी करके केंद्र का भार घटाकर 60 प्रतिशत एवं राज्य का भार बढ़ाकर 40 प्रतिशत खर्च करने का प्रावधान होने से छग को लाभ मिलना मुश्किल होगा।

**- कमलजीत सिंह पिंटू,** प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस

### आवश्यक वस्तुओं पर राहत नहीं

केन्द्रीय बजट वास्तविक समस्याओं से मुंह फेरन वाली बजट है। राष्ट्रीय व्यापार आयोग गठन न कर व्यापारियों की समस्याओं को बरकरार रखा है। गरीब, किसानों और युवाओं के लिए कुछ नहीं, पेट्रोलियम पदार्थ महंगा, खनिज महंगा, एक्साईज ड्यूटी बढ़ा रही है। **- कुलबीर छाबड़ा,** पूर्व अध्यक्ष,शहर कांग्रेस

### संकल्पना होगी साकार

यह बजट प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रतिबिंब है, जो आर्थिक विकास को गति देने, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के तीन प्रमुख कर्तव्यों पर आधारित है। न केवल आर्थिक मजबूती प्रदान करता है। **-ऋषिदेव चौधरी,** मंत्री भाजपा

### प्रतिनिधियों की राय

### कर्ज बढ़ाने वाला

केंद्रीय बजट 2026 आम जनता की आय बढ़ाने वाला नहीं, बल्कि कर्ज बढ़ाने वाला बजट करार दिया है। सरकार ने बड़े-बड़े आंकड़े और जुमले तो पेश किए, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी और गिरती क्रयशक्ति पर कोई ठोस समाधान नहीं दिया। छत्तीसगढ़ के लिए यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है।

**- जीतू मुदलियार,** अध्यक्ष, शहर कांग्रेस

### होगा विकास

बजट के क्रियान्वयन से आर्थिक रूप से भारत अग्रणी देशों की श्रेणी में आ जाएगा। बजट को सर्वव्यापी सर्वजन के हितों को ध्यान में रखकर दूरगामी सोच के साथ बनाया गया है। सर्वव्यापी एवं सर्वजन हितों को ध्यान में रखकर बने बजट में सभी वर्गों एवं सभी क्षेत्रों का समान रूप से ध्यान रखा गया है। मोदी के विकसित भारत 2047 तक भारत को विश्व का सिरमौर बनाने की दिशा में बजट मील का पत्थर साबित होगा।

**- खूबचंद पारख,** वरिष्ठ भाजपा

### मिलेगी नई दिशा

यह बजट किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। इस बजट में कृषि, रोजगार और तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दी गई है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीक के उपयोग और फसल विविधीकरण पर जोर दिया गया है।

**- सचिन बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### बजट युवाओं के हक पर डाका

वर्ष 2026 का बजट देश और हमारे क्षेत्र के युवाओं के साथ सरासर अन्याय है। इस बजट में युवाओं के लिए न तो ठोस रोजगार योजना है और न ही बढ़ती बेरोजगारी से निपटने का कोई रोडमैप। बजट में सरकार ने बड़े उद्योगपतियों को टैक्स में राहत दी, कॉर्पोरेट सेक्टर को प्रोत्साहन दिया।

**- आफताब अहमद,** महासचिव युवक कांग्रेस

### आम बजट से जनता निराश

युवा वर्ग आज बेरोजगारी से जूझ रहा है, बजट में न तो बड़े पैमाने पर सरकारी भर्तियों की घोषणा की गई और न ही स्थायी रोजगार सृजन की कोई स्पष्ट नीति सामने आई। किसानों की एमएसपी की कानूनी गारंटी को नजरअंदाज किया गया। जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

**- संजय बहादुर सिंह,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, करणी सेना

### कृषि उन्नति का रोडमैप

केंद्रीय बजट नारी शक्ति, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और सनराइज सेक्टर पर आधारित है। यह बजट महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलता है। साथ ही भारत की वैश्विक भूमिका को मजबूत करने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

**- कैलाश शर्मा,** प्रवक्ता, प्रदेश भाजपा

### भारत को मजबूत करेगा

केंद्रीय बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला है। बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखते हुए किसान, मजदूर, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिक एवं वंचित तबकों के लिए प्रावधान किया गया है। बजट भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

**- जागृति यदु,** सदस्य, जिपं

### विकसित भारत की दिशा में कदम

यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते तैयार किया गया है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। बजट में गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, उद्योगपति, कर्मचारी, अधिकारी और विद्यार्थी सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है।

**- शिव वर्मा,** वरिष्ठ नेता

### केंद्रीय बजट जनविरोधी

केंद्र सरकार का बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रहा है। बजट समस्याओं से मुंह मोड़ने वाला है। किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। इसी प्रकार मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों की अनदेखी की गई है।

**- विष्णु लोधी,** कांग्रेस नेता

### उम्मीदों पर खरा नहीं

केंद्रीय बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रहा है। बजट में किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग की अनदेखी करते हुए कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। किसानों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

**- चुम्मन साहू,** महामंत्री, जिला इंका

### निराशा और भ्रम फैलाने वाला

केंद्रीय बजट आंकड़ों की चमक में लिपटा हुआ जनविरोधी बजट है। सरकार ने विकास के बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी और मध्यम वर्ग की बढ़ती तकलीफों पर पूरी तरह चुप्पी साध ली। यह बजट जनता को निराशा और भ्रम फैलाने वाला है।

**- ऋषि शास्त्री,** पूर्व पार्षद

### करदाताओं को राहत

मोदी सरकार का बजट संतुलित, दूरदर्शी और समावेशी दृष्टिकोण का परिचायक है। इस बजट में जहां करदाताओं को राहत दी गई है। वहीं करदाताओं को राहत पहुंचाने इन्कम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं करने के साथ रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा को 31 मार्च कर करदाताओं को राहत दिया गया है। **- हिना जैन,** सीए

### गांव, गरीब हितैषी बजट

आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाले बजट से गांव, गरीब, किसानों, महिलाओं, युवाओं के कल्याण का मार्ग खुलेगा। सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण की चिन्ता की है। बजट से गांव, गरीब और किसानों की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी।

**- डिकेश साहू,** महामंत्री, जिला भाजपा

### आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट

यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। 53.50 लाख करोड़ के बजट में जीडीपी का 4.3 प्रतिशत घाटा दिखाया गया है, जो पूर्व बजट की तुलना में कम है। पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए कार्बन केचअप के लिए 20 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**- किशोर बेलावाला,** पूर्व अध्यक्ष, जिला उद्योग संघ

### बाजार को मिलेगा लाभ

मध्यम वर्ग के लिए इन्कम टैक्स में सुधार से राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। जिसका सीधा लाभ बाजार और व्यापार को मिलेगा। साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने की योजनाएं देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सशक्त करेगी।

**- संजय तेजवानी,** व्यापारी

### छात्रों को सिर्फ झुनझुना,

छात्र वर्ग को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थी, लेकिन शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं को राहत देने के बजाय सरकार ने उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया है।

**- राजा यादव,** प्रदेश महासचिव, एनएसयूआई

### कोई ठोस समाधान नहीं

बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस समाधान नहीं दिखता। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन आम जनता को राहत देने के लिए बजट में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

**- ओमप्रकाश साहू,** पूर्व जनपद सभापति

### विकसित राष्ट्र का बजट

यह बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूत करता है और समाज के हर वर्ग के लिए नए अवसर खोलता है। इससे गौ-पालन और गौ-माता की सेवा के अवसर भी बढ़ेंगे, जो सामाजिक और आर्थिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

**- राजू डागा,** अध्यक्ष, कैट

### सुधारवादी बजट- प्रखर

यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है।

**- प्रखर श्रीवास्तव,** मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो

### टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं

इस बजट में इन्कम टैक्स स्लैब में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया है, जो कि मध्यम वर्ग के लिए अत्यंत ही राहत प्रदान करेगा। एआई के क्षेत्र पर जोर दिया गया है, जो कि विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेगा। कैंसर की 17 दवाइयों से आयात शुल्क हटाया गया है।

**- रमेश गंगवानी,** अधिवक्ता

### रोजगार का होगा सृजन

बजट में शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार एवं रोजगार सृजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। नए प्रशिक्षण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट योजनाएं और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।

**-चिन्टू सोनकर** अध्यक्ष, भाजयुमो

### भारत के संकल्पों का बजट

आम बजट भारत के सुनहरे भविष्य की नींव है। युवाओं पर खास ध्यान रखा, यह युवा शक्ति का बजट है, जहां ऑरेंज इकॉनोमी, पर्यटन व खेलो इंडिया मिशन के जरिये युवाओं के लिए नए अवसर के द्वार खुलेंगे। देश के सभी जिलों में बेटियों के लिए गर्ल्स हॉस्टल खोलने का भी फैसला किया है।

**- सुमित सिंह भाटिया,** अध्यक्ष, उत्तर मंडल भाजपा

### जनहितकारी बजट

आम जनता विशेषकर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया दूरदर्शी और जनहितकारी है। जरूरी दवाओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने से कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों के इलाज का बोझ आम परिवारों पर कम होगा। कस्टम ड्यूटी घटने से राहत मिलेगी। **- जैनम बैद,** भाजपा पार्षद

# नीरज में विद्यारंभ-संस्कार व ग्रेंड पैरेंट-डे मना



**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग व ब्रांच जयस्तंभ चौक में विद्यारंभ संस्कार व ग्रेंड पैरेंट-डे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार 23 जनवरी को सुबह 09 से दोपहर 01 बजे तक संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ प्रथम पूज्य श्रीगणेश, मां सरस्वती एवं गायत्री माता की अराधना करते वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बच्चों को तिलक लगाकर स्कूली सामग्री स्वरूप पेंसिल, रबर व कॉपी देकर ओम एवं स्वास्तिक चिन्ह बनवाकर विद्यारंभ कराया गया। ग्रेंड पैरेंट्स-डे 24 जनवरी को मनाया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात बच्चों द्वारा उनके दादा-दादी, नाना-नानियों के चरण पखारकर आशिर्वाद लिया गया। इसके उपरांत सुमधुर गीतों की प्रस्तुति में खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए।

इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने वरिष्ठजनों का आभार जताया एवं दादा-दादी, नाना-नानियों द्वारा बच्चों को संस्कार देने में महति भूमिका निभाने के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, आरती पिल्लई, एचएम वैशाल सिंग, स्नेहा तिवारी सहित शिक्षकगण व स्टॉफ उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आधार-सक्षम बायोमेट्रिक से दर्ज हो रही उपस्थिति, एप में महीनेभर हाजिरी का डेटा

## कर्मचारियों के आने-जाने का समय में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यालय आने की लेटलतीफी को लेकर समय पर उनकी उपस्थिति के लिए कलेक्टोरेट में 1 जनवरी से बायोमेट्रिक डिवाइस से अधिकारी-कर्मचारियों का अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया है। शासन द्वारा इस आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से अब जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी दैनिक हाजिरी दर्ज करा रहे हैं। सुबह सभी अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टोरेट परिसर में पहुंचकर अपने एंड्राइड मोबाइल से ऑनलाइन माध्यम के जरिये अपनी उपस्थिति दर्ज कराते दिखाई दे रहे हैं।

आधार-सक्षम इस बायोमेट्रिक सिस्टम एप के माध्यम से ई-हाजिरी दर्ज कराई जा रही है। इसके लिए ऐप खोलते ही फेस कैपचरिंग करने कैमरा ऑन होता है और इस पर आंखों की पलकें झपकानी पड़ती है। इसके बाद ऐप में ग्रीन टैग आता है और फिर उपस्थित के दौरान तस्वीर और लोकेशन के साथ ही वक्त दर्ज हो जाता है। इस तरह से कर्मचारी की हाजिरी लगती है और यही सिस्टम छुट्टी के वक्त अपनाया जाता है, जो जाने का समय होता है। इस सिस्टम में प्रतिदिन की दैनिक हाजिरी दर्ज हो रही है।

### नेटवर्क की आ रही समस्या

आधार-सक्षम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में नेटवर्क की समस्या भी आ रही है। कलेक्टोरेट पहुंचे कर्मचारी अलग-अलग जगह पर खड़े होकर नेटवर्क तलाशते हुए हाजिरी लगा रहे हैं। कई बार कलेक्टोरेट के भीतर से हाजिरी नहीं लगने पर बाहर परिसर में निकालना पड़ता है। वहीं कई बार कलेक्टोरेट के भीतर नेटवर्क मिल रहा है।



### व्यवस्था में होगा सुधार

आधार-सक्षम बायोमेट्रिक सिस्टम लागू होने से कर्मचारियों के आने और जाने के समय में सुधार हो रहा है। कई कर्मचारी अब समय पर उपस्थिति के लिए जल्दी कार्यालय पहुंच रहे हैं। यहां पहुंचने वाले कर्मचारियों का कहना है कि वह पहले भी वक्त पर आते थे, लेकिन कुछ कर्मचारी जो लेट आते थे उनके समय में सुधार होगा। समग्र शिक्षा विभाग के आदर्श वस्तनिक ने बताया कि यह सिस्टम काफी अच्छा है। एक क्लिक से ही उपस्थिति दर्ज हो रही है। वहीं कर्मचारी सोहनलाल सिन्हा ने कहा कि इस सिस्टम से कोई तकलीफ नहीं है, जो देर से आते हैं, उन्हें समस्या होगी।

### एंड्राइड मोबाइल अनिवार्य

आधार-सक्षम उपस्थिति प्रणाली के लिए सभी कर्मचारियों के पास एंड्राइड मोबाइल होना आवश्यक है, जिन कर्मचारियों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं था, उन्हें भी इस सिस्टम के लिए मोबाइल लेना पड़ा है। अब तक की-पैड चलाने वाले कर्मचारी भी एंड्रॉयड मोबाइल चला रहे हैं। कलेक्टोरेट पहुंचे कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने एंड्राइड मोबाइल नहीं चलाया है, लेकिन अब इस हाजिरी सिस्टम के लिए घर के बच्चों ने मोबाइल चलाना सिखा दिया है।

### हाजिरी लगाकर लौट रहे वापस

आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति के लिए कई कर्मचारी कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंच रहे हैं। यहां पर लगभग 30 मीटर के दायरे में हाजिरी लगती है। कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो 10 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर इस सिस्टम से हाजिरी लगा रहे हैं और फिर वापस लौटकर लगभग 11.30 बजे अपने पुराने ढर्रे पर ही कार्यालय पहुंच रहे हैं। कलेक्टोरेट में चार दर्जन से अधिक विभाग है। जिनमें सैकड़ों कर्मचारी हैं। इनमें से कई कर्मचारी सुबह हाजिरी लगाकर वापस लौट रहे हैं। यही वजह है कि सैकड़ों कर्मचारी होने के बाद भी सुबह 10 बजे होने वाले राष्ट्रगान में अब भी 20-25 कर्मचारियों की ही उपस्थित हो रही है ।

# मुस्लिम प्रीमियम लीग क्रिकेट का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- प्रथम पुरस्कार 41 हजार रुपए
- म्युनिसिपल स्कूल ग्राऊंड में होगा आयोजन

जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग राजनांदगाव की पहल पर मुस्लिम प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 2 फरवरी को होगा एवं समापन 5 फरवरी को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन म्युनिस्पिल स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शकील रिज़वी ने बताया कि प्रतियोगिता रात्रिकालीन फ्लड लाइट में आयोजित की जाएगी। जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी रोमांचक क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 4,100 निर्धारित किया गया है तथा आयोजन समिति के निर्णयानुसार प्रतियोगिता में अधिकतम 16 टीमें ही भाग लेगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 41,000 तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। श्री रिजवी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना, आपसी भाईचारे को मजबूत करना और सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज को जोड़ना है। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा यह आयोजन खेल भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला अध्यक्ष एवं आयोजन समिति ने सभी क्रिकेट प्रेमियों एवं इच्छुक टीमों से समय पर पंजीयन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।

## सार समाचार

### सीएफएल और सम्पवेल की होगी सफाई

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व टंकी सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के सभी पानी टंकियों की सफाई के साथ-साथ मोहारा जल संयंत्रगृह के सभी प्लांटों के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में जल संयंत्रगृह के फिल्टर प्लांटों का सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। सफाई की कड़ी में 2 फरवरी को 27 एवं 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट का सीएलएफ एवं सम्पवेल सफाई कार्य कराया जाना है। जिसके कारण 27 एवं 10 एमएलडी प्लांट से भरने वाले उच्च स्तरीय जलागार सिंगदई मोहड़ टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांकाघर नया आरसीसी टंकी, टांकाघर नया टंकी, टांकाघर टंकी, शंकरपुर टंकी, चिखली टंकी, इंदिरा नगर टंकी से 2 फरवरी की शाम पानी सप्लाई बाधित रहेगी। आगामी 3 फरवरी सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी।

**0 राजनांदगांव।** ग्राम खपरीकला (रेंगाकठेरा) में आगामी 7 फरवरी को परंपरागत मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी को दिन में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें गोपाल-बलराम नाच पार्टी ग्राम निपानी (बालोद) द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन



### रमादेवी शर्मा

**डोंगरगढ़।** स्थानीय निवासी रमादेवी शर्मा धर्मपत्नी स्व नंदन प्रसाद शर्मा का निधन 31 जनवरी को रात्रि 10 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर शर्मा परिवार सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।




# 35 लीटर कच्ची महुआ शराब व 1300 किलो महुआ लाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे जंगल में अज्ञात 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1300 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम की धारा अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे व मोहन राव शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# नियमों के प्रति जागरूकता लाने हुए विविध आयोजन

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा का समापन




**राजनांदगांव।** 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा का 31 जनवरी को समापन किया गया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।


पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, प्रशिक्षु आईपीएस नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सुमन जायसवाल, नवरतन कश्यप निरीक्षक यातायात प्रभारी, परिवहन निरीक्षक रियांश बर्मन, एनएचएआई विभाग के. बघेल, हेमंत सहारे, ब्रम्हाकुमारी दीदी, यूनिसेफ जिला समन्वयक दिव्या राजपूत एवं यातायात टीम, एनएचएआई व शहर के गणमान्य नागरिकगण एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ सुदेश यादव के नुक्कड नाट्य की टीम द्वारा नुक्कड़ के माध्यम से यातायात जागरूकता के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापन किया गया।



## खबर संक्षेप

### कुण्डा में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन 7 फरवरी से

**हरिभूमि कुण्डा।** सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में ग्राम



कुण्डा में 7 से 13 फरवरी तक सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण भक्तजनों द्वारा श्रीराम कथा दिव्य सरिता में स्नान कर आत्मा निर्मल तृप्त एवं जीवन मंगलमय बनाएंगें। जिसमें कथा व्यास पूज्य ब्रम्हदेवचार्य जगत गुरु उपाधि अलंकृत काशी बनारस 7 से 13 फरवरी तक पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय जौनपुर उत्तर प्रदेश 8 से 13 फरवरी तक साध्वी डॉ नीलम गायत्री मानस मणी राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुंड चित्रकूट सतना मध्यप्रदेश पं. राजेंद्र प्रसाद शर्मा मानस भूषण छत्तीसगढ़ भाषा कथाकार भैंसों जांजगीर चांपा 7 से 11 फरवरी तक भक्तगणों को अपने मधुर विंदार मुख से श्रीराम कथा का श्रवणपान कराएंगे। यह सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन थाना के सामने आयोजित होगी, जिसमें कथा का दोपहर 01 बजे से शाम 07 बजे तक भक्तजनों व श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, पूर्व सरपंच कुलदीप कौर छाबड़ा, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा हरदीप सिंह सलूजा, पूर्व पंच कुण्डा ग्राम पंचायत कुण्डा सहित प्रभात फेरी कुण्डा दुःख निवारण गुरुद्वारा कुण्डा, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियो के सहयोग से सम्पन्न होगा।

# माता-पिता के छलके आंसू मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के तत्वावधान में लालबाग स्थित सिंधु भवन में सुंदर तरीके से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। माता-पिता को ऊँचे आसान में बिठाकर उनकी पूजा-अर्चना किया गया, फिर आरती की थाली लेकर माता-पिता की आरती किया गया। यह भावविभोर दृश्य देख माता-पिता के साथ बच्चों के आंखों से आंसू बहने लगे।

इस सुंदर आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, प्रकाश वाधवानी, लक्ष्मीचंद आहूजा सहित गणमान्य लोग शामिल हुए।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2006 में संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की पहल की, जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की है।



### लोगों की रही उपस्थिति

इस आयोजन में मुख्य रूप से रमेश भोजवानी, हरीश कटियारा, टहलूराम साहू, हेमंत देशमुख, महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी, शिखा डेमबानी, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, रानी कटियारा, सुषमा भोजवानी, भूमि गिड़लानी, जया जयसिंघानी, कोमल ललवानी, सरिता भोजवानी, रेशमा कटियारा, भाविका चिचेरिया, ममता बजाज, रेखा बहन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### माता-पिता का आशीर्वाद सच्ची सफलताः मोटलानी

कार्यक्रम में सम्मिलित पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूलाल मोटलानी ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे उनका आदर करें और जीवन में सफल होकर नाम रोशन करें। आज के समय में मातृ-पितृ पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों को पतन से उत्थान की ओर ले जा रहा है। बच्चों का भविष्य उज्ज्वल तो हो ही रहा है। साथ ही माता-पिता का हृदय भी बच्चों के लिए अपार आशीर्वाद से भरा होता है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही सच्ची सफलता मिलती है।

### बच्चों ने की पूजा-अर्चना

बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। विधिवत हुए इस पूजन कार्यक्रम की उपस्थित लोगों के हृदय से स्वीकारा की, ऐसे दिन को बड़े भव्यता के साथ सभी को करना चाहिए। दो सौ से अधिक स्थानों पर आयोजन के श्री साहू ने बताया कि राजनांदगांव जोन में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है तथा 14 फरवरी तक 500 स्थानों तक करने का लक्ष्य है।



# हाई स्कूल कोलेगांव को कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव स्थित हाई स्कूल को यदि दसवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया जाता है तो क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में हाई स्कूल कोलेगांव सहित भगतपुर हाई स्कूल, बसनी हाई स्कूल एवं संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कंझेटा निर्धारित है, जो कोलेगांव से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित है। हाई स्कूल कोलेगांव में ही वर्तमान सत्र में कक्षा दसवीं में लगभग 52 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसके अलावा आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी भी इसी केंद्र पर परीक्षा देने जाते हैं, जिससे कंझेटा केंद्र पर परीक्षार्थियों की संख्या अत्यधिक हो जाती है। इससे अव्यवस्था की स्थिति भी बनती है। जिस पर क्षेत्र के पालक व विद्यार्थियों ने मांग किया गया कि यदि हाई स्कूल कोलेगांव को भी कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र घोषित किया जाता है, तो छात्र-छात्राओं की संख्या को दो भागों में विभाजित किया जा सकेगा। इससे न केवल परीक्षा व्यवस्था सुचारु होगी, बल्कि विद्यार्थियों को दूर पैदल या साधनों से जाने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी, विशेषकर छात्राओं को स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए हाई स्कूल कोलेगांव को कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया जाए, ताकि कोलेगांव एवं आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में परीक्षा देने की सुविधा मिल सके।

# भुनेश्वर चंद्राकर ने बजट को बताया दूरदर्शी, किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्र सरकार का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में कृषि क्षेत्र को तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए की गई घोषणाओं का भुनेश्वर चंद्राकर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ खेती को आधुनिक और लाभकारी बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।



भुनेश्वर चंद्राकर ने बताया कि भारत-विस्तार के रूप में किसानों के लिए एक बहुभाषी एआई टूल लॉन्च किया जाएगा, जो एग्रीस्टैक पोर्टल और आईसीएआर की कृषि पद्धतियों को जोड़ते हुए फसल योजना, मौसम पूर्वानुमान और कीट प्रबंधन पर डेटा आधारित सलाह देगा। इससे छोटे और सीमांत किसानों को भी वैज्ञानिक खेती का सीधा लाभ मिलेगा। नारियल प्रोत्साहन योजना के तहत पुराने और कम उत्पादकता वाले नारियल पेड़ों को उन्नत किस्मों से बदलने की पहल को उन्होंने नारियल उत्पादक किसानों के लिए अहम बताया। उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए तटीय क्षेत्रों में काजू, कोको और चंदन, जबकि पूर्वोत्तर में अगर और पहाड़ी क्षेत्रों में अखरोट, बादाम व चिलगोजा की खेती के लिए विशेष सहायता दी जाएगी।

मछली पालन के क्षेत्र में 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास तथा सीफूड निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त इनपुट आयात की सीमा 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत किए जाने को भी उन्होंने सराहा। पशुपालन और डेयरी के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी और एकीकृत मूल्य श्रृंखला के विकास को ग्रामीण उद्यमिता के लिए जरूरी बताया। भुनेश्वर चंद्राकर ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के लिए लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट आवंटन को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि यह बजट ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## सोलर कनेक्शन पर प्रोत्साहन राशि देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना अंतर्गत तीन प्रकार की बिजली कनेक्शन प्रणाली प्रदान की जा रही है। योजना में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने प्रति उपभोक्ता एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

# राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में चैतन्य स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन, किया जिले का नाम रौशन

- खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पोंड़ी बस स्टैंड चौक में किया भव्य स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

16वीं राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल पोंड़ी के होनहार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कवर्धा जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कुल 7 स्वर्ण एवं 5 रजत पदक अर्जित कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में कक्षा 4 के छात्र अरुण वर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण एवं 2 रजत प्राप्त किया वहीं कक्षा 5 के गांधी कुर्रे ने 2 स्वर्ण एवं 2 रजत, कक्षा 8 के आमीन खान ने 2 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रौशन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में विद्यालय के कोच लिखेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह सफलता अर्जित की। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पोंड़ी बस स्टैंड चौक में ग्रामवासियों द्वारा भव्य गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार राय, उप-प्राचार्य पूनम दास साहू, प्रधानाध्यापक सुदर्शन यादव सहित समस्त



शिक्षक-शिक्षिकाएं जिसमें पेखन मेरावी, राहुल यादव, महेश्वरी सेन, दीपक चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, दीप्ति कुंभकार, भोजरतन कुर्रे, अजय टोंडर, शशि देवांगन, पुरुषोत्तम वर्मा, कौशल कोशले, संध्या नामदेव, तनू, नीलू, ललिता, संतोषी, किरण, संजना, संतोष, भुवनेश्वरी, अजय साहू, जैस्मिन मैम एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


## कुण्डा भाजपा मण्डल प्रभारी मुकेश सिंह के उपस्थिति में केंद्रीय बजट को सुना एवं देखा गया



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा मण्डल कुण्डा ने प्रभारी एवं जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर के अगवाई में केंद्रीय बजट को सामूहिक रूप से विधायक कार्यालय में सुना गया। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार कार्यक्रम प्रभारी महामंत्री मुकेश ठाकुर एवं मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में टीवी में प्रसारित केंद्रीय बजट को भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामूहिक रूप से देखा एवं सुना गया। रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 2025-26 का बजट पेश किया गया, जिसका सीधा प्रसारण टीवी से किया गया। जिसे बजट प्रचार अभियान के तहत प्रभारी मुकेश ठाकुर एवं मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के साथ सामूहिक रूप विधायक कार्यालय कुण्डा में देखा एवं सुना गया। इस दौरान मुकेश ठाकुर, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, संतोष चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, महेंद्र धृतलहरे, गणेश यादव, बबली साहू, जेठू निर्मलकर, श्रीमती कुवरिया चंद्राकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, शेखर चंद्रवंशी, साहेब लाल सोनवानी, मोटू वैष्णव, मोहन चंद्राकर, जितेंद्र निर्मलकर, मुकेश यदु, रोहित सीरिया, रामेश्वर साहू, स्कंद वैष्णव, प्रियादास वैष्णव, दिनेश चंद्रवंशी, मोनू पाण्डेय, यशवत ठाकुर व नीलेश गुप्ता तथा राजू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## केंद्र मोदी सरकार का बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह विफलः नवीन

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर तीखी



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश की आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि आम आदमी से लेकर किसान, युवा, छात्र, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारी, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग किसी भी वर्ग को इस बजट से कोई ठोस राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि उम्मीद वही रखते हैं जो भरोसा करते हैं। हम पहले से जानते थे कि इस बजट से आम जनता को कुछ मिलने वाला नहीं है। बजट पेश होते ही शेयर बाजार में आई गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि न केवल आम जनता बल्कि निवेशकों का भी सरकार की आर्थिक नीतियों से भरोसा उठता जा रहा है। यह बजट अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के बजाय अनिश्चितता और असंतोष को बढ़ाने वाला प्रतीत होता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट साफ तौर पर बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जबकि देश की विशाल आबादी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। आम जनता पर टैक्स का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन बदले में सुविधाएं और राहत लगातार कम होती जा रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर चिंता जताते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि ये दोनों क्षेत्र किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की नींव होते हैं। इन क्षेत्रों के बजट में कटौती करना गरीब, मध्यम वर्ग और ग्रामीण आबादी के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। पहले से संसाधनों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और अस्पतालों की स्थिति इस बजट के बाद और बदतर होगी।

# पेंड्रीकला में श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन 3 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में अखिल ब्रह्माण्ड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम चंद्र की असीम कृपा व ग्राम देवी-देवताओं की कृपा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम पेंड्रीकला में श्री अखंड नवधा रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। यह श्री अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम 03 से 12 फरवरी तक ग्राम पंचायत प्रांगण में आयोजित की जाएगी। वहीं श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस ज्ञान गंगा में विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरूस्कार 11 हजार 1 सौ 11 रुपए दाऊ बाबूजी चंद्राकर द्वारा प्रदान किया जाएगा वहीं द्वितीय पुरूस्कार 9 हजार 1 सौ 11 रुपए नवीन चंद्राकर, तृतीय पुरूस्कार 7 हजार 1 सौ 11 रुपए निखिल चंद्राकर, चतुर्थ पुरूस्कार 5 हजार 1 सौ 11 रुपए बलराम चंद्राकर व पंचम पुरूस्कार 3 हजार 1 सौ 11 रुपए दिनेश चंद्राकर तथा सांत्वना पुरूस्कार प्रत्येक मण्डली को 101 रुपए संतोष



चंद्रवंशी द्वारा दिया जाएगा। जिसमें ग्राम आचार्य पं. शिवानंद तिवारी, पं. महेन्द्र तिवारी, पं. लवलेश शर्मा और आयोजक जय मां महामाया बोल बम समिति, आशुतोष मानस मंडली, आजाद एकता लक्ष्मी उत्सव समिति, बजरंग दल गणेश उत्सव समिति, जय मां काली उत्सव समिति, लक्ष्मी उत्सव समिति, युवा हिंदू दल समिति एवं समस्त ग्रामवासी पेंड्रीकला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ग्राम पेंड्रीकला व आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री अखण्ड नवधा रामायण ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

# गणतंत्र दिवस समारोह में बच्चों को मिले उपहार, विद्यालय में देशभक्ति प्रस्तुतियों से मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला रापा परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और उन्हें उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच संतोष भास्कर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने पूरे सम्मान एवं गर्व के साथ सहभागिता की। समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। जैसे बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक सुखचैन निर्मलकर एवं सरपंच ने सभी बच्चों को उपहार कापी पेन और स्कुल जुता वितरित किए। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ममता सोनी प्रधानपाठिका अंजू चन्द्राकर तोमनसिंह ठाकुर ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर गणमान्य नागरिकों, व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत की गति को और तीव्रता देगाः विधायक

# संसद में प्रस्तुत बजट विश्वास, विकास और भविष्य की मजबूत नींवः भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार को लोकसभा सदन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने



लगातार नौवीं बार संसद में विकसित भारत बजट 2026-27 प्रस्तुत किया, जो विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में केंद्रित बजट है। बजट का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था में स्थिरता, दीर्घकालिक विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करना है। इस वर्ष का यह बजट तीन प्रमुख आधार स्तंभों पर केन्द्रित रहा, जिसमें अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में सुदृढ़ता बनाए रखकर आर्थिक विकास में तेजी लाना और उसे बनाए रखना, हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं का विकास तथा सार्थक भागीदारी के साथ प्रत्येक परिवार, समुदाय, धर्म और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने इस बजट का स्वागत करते हुए इसे समावेशी विकास, आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि यह बजट किसान, गरीब, महिला, युवा, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह बजट विकास को गति देने, आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने और नए अवसरों के सृजन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। विश्वास, विकास और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला यह बजट हर भारतीय के उज्जवल कल का आधार बनेगा। देश की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास से लेकर सैन्य, सुरक्षा, खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों को गति देने के लिए प्रस्तुत यह सर्वसमावेशी बजट देश के उद्योग, महिला, किसान, युवा हर वर्ग को सशक्त करेगा। देश के हर जिले में बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा बेटियों को शिक्षा एवं सुरक्षा प्रदान करेगा। बजट में तेंदूपत्ता उद्योग से जुड़े लोगों के लिए टीसीएस की दर 5 प्रतिशत घटाकर सिर्फ 2 प्रतिशत कर दी है, जिससे प्रदेश के आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में तेंदुपत्ता संग्राहकों को सीधे लाभ मिलेगा।

### जनहितैषी घोषणाएं और देश की आर्थिक प्रगति के निर्णय

भावना बोहरा ने कहा कि ज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से भारत को बयोफार्म हब बनाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारे हथकरघा, खादी और हस्शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज की शुरुआत की जाएगी, जिसमें परंपरागत टेक्सटाइल को आधुनिक बनाने के लिए वस्त्र उद्योग का विस्तार किया जाएगा। जिससे रोजगार सृजन होंगे। लघु और मध्यम उद्योग को चैम्पियन बनाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के समर्पित एसएमई विकास निधि की शुरुआत और विकसित भारत कोष में 2000 करोड़ का टॉपअप किया गया है। दिव्यांगजनों के लिए कौशल एवं सहारा योजना लागू की जाएगी, 15 हजार माध्यमिक विद्यालय एवं 500 कॉलेज कंटेंट क्रियेटर लैब्स की स्थापना से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए बहुभाषीय एआई टूल किसानों की उत्पादकता को बढ़ाएगा और विशिष्ट सलाह प्रदान करेगा। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम के लिए सेल्फ हेल्प इंटरप्रेन्योर की शुरुआत की जाएगी। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की स्थापना की जाएगी, खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र, खेल, विज्ञान और तकनीक का एकीकरण किया जाएगा। सांस्कृतिक, पौराणिक एवं विरासतों का डिजिटल दस्तावेजीकरण के लिए नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड की स्थापना की जाएगी साथ ही नार्थ ईस्ट में बौद्धिक सर्किटों का विकास किया जाएगा। ऐसी कई जनहितैषी घोषणाएं और देश की आर्थिक प्रगति के निर्णय इस बजट में लिए गए हैं जो विकसित भारत को नई गति देगा साथ ही देश के महिला, किसान, युवा, उद्यमी, मध्यम वर्गीय परिवारों को सशक्त बनाएगा।



## खबर संक्षेप

### रविदास जयंती समारोह 3 फरवरी को

**कवर्धा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला स्तरीय भव्य समारोह का आयोजन 03 फरवरी 2026 को संत गुरु रविदास गुरुद्वारा, वार्ड क्रमांक 18, कवर्धा, जिला कबीरधाम में किया जाएगा। यह आयोजन समस्त जिला अहिरवार समाज, कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड तथा नंदू राडेकर, जिला अध्यक्ष, अहिरवार समाज, कवर्धा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय मेहरा प्रदेश अध्यक्ष, रविदास समाज, ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, कवर्धा, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष, कवर्धा, सौखी अहिरवार पार्षद, संत रविदास वार्ड क्रमांक 04, कवर्धा उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### राजा मोहेंद्र शाह



**कवर्धा।** रवेली क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि, पूर्व महामंत्री, पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा एवं प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस कमेटी मोहेंद्र शाह का आकस्मिक निधन हो गया। समाज सेवा, परंपरा और जनकल्याण के प्रति समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी रहा। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि दी।

**बजट:** आधारभूत ढांचे, रोजगार, घरेलू विनिर्माण, पर्यटन एवं स्वास्थ्य पर बजट में दिया गया जोर

# बजट को सत्ता रूढ दल भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने नकारा, किसान व युवा नाखुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में आम बजट 2026-27 पेश किया, जिसमें आधारभूत ढांचे, रोजगार, घरेलू विनिर्माण, पर्यटन एवं स्वास्थ्य पर जोर दिया गया। बजट में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रूपए, 7 नए हाई-स्पीड रेल गलियारे, स्वास्थ्य सेवा विस्तार और संस्कृति तथा पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं की घोषणा शामिल है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, पर नई इनकम टैक्स अधिनियम को सरल भाषा और कम प्रावधानों के साथ लागू करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही 11 नई प्रमुख योजनाओं में ग्रामीण महिलाओं, दिव्यांगजनों और पारंपरिक कारीगरों को केंद्रित कार्यक्रम शामिल किया गया हैं। भाजपा और सरकार के समर्थकों ने बजट को विकास-उन्मुख और संतुलित बताया, भाजपा का दावा है कि इससे नौकरियां, विनिर्माण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और निवेश आकर्षित होगा। वहीं कांग्रेस और विपक्ष ने बजट पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह बजट विभिन्न घोषणाओं के बावजूद आम जनता के लिए अपर्याप्त है और सटीक खर्च आवंटन नहीं दिखाता। विपक्ष ने इसे जुमलाबाजी तथा असंतोषजनक बताया है, खासकर रोजगार और किसानों के मुद्दों पर खर्च न बढ़ाने पर आलोचना की है।

### विकसित भारत का बजट



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह बजट कर्ज को नियंत्रित रखते हुए विकास के लिए आर्थिक संसाधन सुरक्षित रखता है। भारत का विकास अब अभूतपूर्व गति और अनुशासित खर्चे से हो रहा है। स्केल-अप, इक्विपमेंट, मटेरियल्स, फुल-स्टैक आईपी, स्किल सेंटर्स, नेक्स्ट-जेन मैन्युफैक्चरिंग और हाई-वैल्यू इंजीनियरिंग का करियर सुरक्षित रहेगा। किसी भी तकनीकी क्षेत्र में भारत, दुनिया में किसी देश से पीछे नहीं रहेगा। हमारी टेक्नॉलॉजी स्वदेशी और वर्ल्ड क्लास होगी। छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशन योजना के तहत राजनांदगांव, डोंगरगढ़, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित राज्य के 32 स्टेशनों के कायाकल्प का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में और गति पकड़ेगा।

### आर्थिक विकास को मिलेगी गति



केंद्रीय बजट की प्रशंसा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में देश के आर्थिक विकास को गति देने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 53.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है। यह बजट बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और निवेश को बढ़ाने के लिए सुधारों पर केंद्रित है। भारत को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इनमें पुराने और पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष पैकेज और नीतियों का प्रावधान शामिल है। साथ ही, भारत को ग्लोबल हेल्थ हब बनाने के लिए मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है।

### बजट, सर्वे भवन्तु सुखिनः



केन्द्र सरकार द्वारा आज संसद में पेश किए गए बजट पर अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विधायक प्रतिनिधि परदेशी पटेल ने इसे नया भारत गढ़ने वाला बजट बताया है। श्री पटेल ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत यह बजट केवल एक वर्ष का आय-व्यय नहीं है, बल्कि अगले 25 वर्षों के विकास की मजबूत बुनियाद है। परदेशी पटेल ने अंत में कहा कि यह बजट सर्वे भवन्तु सुखिनः के मंत्र को चरितार्थ करता है। यह एक 'अमृत बजट' है जो भारत को आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास की ओर ले जाएगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। जिसका लाभ देश के सभी वर्गों व समुदाय को मिलेगा

### केंद्रीय बजट कर्मचारियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि केंद सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट कर्मचारियों-अधिकारियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस बजट से हमें जवानी के समय को शासकीय सेवा में समर्पित करने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों के सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन योजना की फिर से बहाली एवं टेक्स स्लैब में बदलाव की अपेक्षा था, लेकिन इस बजट में ऐसे कोई भी घोषणा नहीं किया गया।

### बजट पूरी तरह निराशाजन



बजट पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि 01 फरवरी 2026 को केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तरह निराशाजनक, जनविरोधी और चुनावी दिखावे से भरा हुआ है। यह बजट देश के किसानों, युवाओं, मजदूरों और मध्यम वर्ग की वास्तविक समस्याओं से मुंह मोड़ने वाला साबित हुआ है। इस बजट में किसानों के लिए न एमएसपी की कानूनी गारंटी, न कर्ज से राहत और न ही लागत आधारित मूल्य की कोई ठोस व्यवस्था की गई। खेती को लाभ का धंधा बनाने के दावे फिर से जुमलों तक सीमित रह गए। युवाओं के लिए रोजगार की बात तो की गई, लेकिन स्थायी नौकरियों, सरकारी भर्तियों और बेरोजगारी भत्ते पर सरकार पूरी तरह मौन है। बढ़ती महंगाई के बीच मध्यम वर्ग को टैक्स राहत के नाम पर खाली हाथ लौटा दिया गया।

### बजट से गांव, गरीब, किसान गायब



जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी रवि चन्द्रवंशी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत गांवो का देश है परंतु आज के बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, मजदूर का किसी भी तरह से कोई चर्चा न होना भारत देश के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्यजनक बजट है, आज का बजट सिर्फ और सिर्फ कॉर्पोरेट जगत को खुश करने के लिए लाया गया बजट है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास से लेकर शहरी विकास तक हर क्षेत्र में सिर्फ कटौती ही कटौती दिखाई देती है। फसल बीमा, यूरिया सब्सिडी, गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला जैसी गैस योजनाएं, सब पर कैंची चला दी गई। इस बज से किसानो में भारी नाराजगी देख्र जा रही है और वे अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

### बजट से युवा वर्ग नाखुश



युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश बजट पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बजट देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की उम्मीदों पर सीधा कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहा है, लेकिन बजट में स्थायी नौकरियों के लिए कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी पर्याप्त संसाधन आवंटन का घोर अभाव है। भयावह बेरोजगारी पर सरकार की चुप्पी उसकी असंवेदनशीलता को उजागर करती है। उन्होने कहा कि गरीब मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी और जीवन स्तर सुधारने को लेकर भी बजट पूरी तरह खोखला है।

### बजट संशोधन में किसानो की मांगें की जाएं शामिल

केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि बजट में 500 इसलिए भारतीय किसान संघ का कहना है कि कुछ विषय किसान हितैषी है। किसान संघ की मांग है कि बजट चर्चा के समय समग्र किसान परिवार के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार और विपक्ष सकारात्मक चर्चा करते हुए किसान हितैषी मांगो को शामिल कर बजट में संशोधन करें यह किसान संघ की अपेक्षा है।

# तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों से आठ लाख का गांजा जप्त

## लग्जरी कार में गांजा तस्करी कर रहे थे तस्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश सीमावर्ती थाना चिल्फी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए तस्करों से कुल 15.480 किलो ग्राम गांजा, जप्त किया गया जिसका बाजार मूल्य लगभग 7 लाख 75 हजार रुपए आंका गया। गिरफ्त में आए सभी आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिल जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की कार में तीन व्यक्ति रायपुर से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही चिल्फी थाना पुलिस ने रायपुर–जबलपुर नेशनल हाइवे 30 पर चिल्फी थाना क्षेत्र के पास नाकेबंदी कर गाड़ियों की तलाशी शुरू की. इसी दौरान संदिग्ध वाहन बैरिकेडिंग के पास पहुंचा, जिसे पुलिस ने चारों ओर से घेरकर रोक लिया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से तीन बैग बरामद किए गए, जिनमें कुल 15 पैकेट गांजा पाया गया. मौके पर ही तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम इमरान निवासी सिचौली, उत्तर प्रदेश, महताब निवासी हिमौली, उत्तर प्रदेश एवं रासिक निवासी गुरुग्राम, हरियाणा बताए। जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### ओडिशा से यूपी ले जाया जा रहा था गांजा

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ट्रेन के माध्यम से ओडिशा के सोनपुर तक जाते थे, जहां से गांजा लेकर रायपुर पहुंचते और फिर सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश ले जाकर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर अलग अलग जगहों पर गांजी की सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 15.480 किलो ग्राम गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 7 लाख 75 हजार रुपये बताई जा रही है, तस्करी में यूज की गई लग्जरी टाटा जेस्ट कार अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए जब्त की है। कुल जब्ती की कीमत करीब 8 लाख रुपये से ज्यादा आंकी गई है।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

थाना प्रभारी चिल्फी लालजी सिन्हा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार की तलाशी के दौरान 15 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है, तीनों आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहें थे। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारी ने इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार पर कड़ा प्रहार बताते हुए आगे भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही है।

## असामाजिक तत्वों पर की गई कार्यवाही

**कवर्धा।** जिले में शांति व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कवर्धा कोतवाली पुलिस ने घुघरी रोड क्षेत्र में राहगीरों को रोककर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीन व्यवहार करने एवं लोगों को डराए जाने की शिकायतों पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस तरह की प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एवं दोनों थाना की संयुक्त टीम गठित कर योजनाबद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा पहले गोपनीय रूप से निगरानी की गई, तत्पश्चात शाम के समय दबिश दी गई तथा रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान घुघरी अटल आवास के पास से कुल 7 युवकों और 1 नाबालिक को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ये युवक सार्वजनिक स्थान पर अनुशासनहीन आचरण कर आम नागरिकों को असहज एवं भयभीत कर रहे थे, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। हिरासत में लिए गए बदमाशों में से अनिल सारथी पिता शिव सारथी उम्र 27 साल निवासी घुघरी अटल आवास एवं शिवराज यादव पिता मोहना यादव उम्र 36 साल निवासी कवर्धा आदतन बदमाश हैं। सभी आरोपितों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्वाई करते हुए उन्हें अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने का निवेदन किया जाएगा। नाबालिक बालक से परिजनों को बुलाकर समझाइश दिया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस आमजन को यह विश्वास दिलाती है कि जिले में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, सार्वजनिक शांति भंग करने अथवा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इस प्रकार की सघन एवं सख्त कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई कर समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

# बिरकोना एवं मिरमिटी में 26 लाख रुपए के सामाजिक भवनो की रखी गई नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विधानसभा कवर्धा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों लगातार स्वीकृत किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यो के बीच ग्राम बिरकोना एवं मिरमिटी में 26 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम बिरकोना में विभिन्न समाजों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदान की गई। गढ़ेवाल समाज के लिए 6.50 लाख रुपए, साहू समाज बिरकोना के लिए 6.50 लाख रुपए तथा मामा-भाचा समिति के लिए 13 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के सभी वर्गों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। इस भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सभी समाजों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। ये सामुदायिक भवन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि डॉ. खेमराज साहू, सरपंच मनोज साहू, सरपंच मोहन साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गणपत बघेल, जनपद सदस्य लक्ष्मी तामेश्वर साहू, मंडल महामंत्री दिनेश चंद्रवंशी, लोकेश साहू, रामकुमार नाथ योगी, सुनील साहू, लक्ष्मण साहू, छोटू सिन्हा, बाला कौशिक, झामन साहू, उपसरपंच विष्णु सिन्हा, मेहतूराम कश्यप, मुकेश नाथ योगी, भूनेश्वर गढ़ेवाल एवं दीपक योगी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# सहसपुर लोहारा परिक्षेत्रीय साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज की एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

साहू समाज की एकता को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के निर्देशानुसार एवं तहसील स.लोहारा व जिला साहू संघ कबीरधाम के तत्वाधान में संगठन की मजबूती, गतिशीलता एवं निरंतरता के लिए परिक्षेत्रीय इकाई का पुनर्गठन निर्वाचन की प्रक्रिया तहसील साहू संघ स.लोहारा के मार्गदर्शन में विभिन्न चरणों में सम्पन्न कराई गई। जिसमें परिक्षेत्रीय साहू संघ रणवीरपुर लोहारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ साहू भवन रणवीरपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय तैलिक महासभा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कवर्धा अशोक साहू ने कहा कबीरधाम जिले के ग्रामीण इकाई से लेकर तहसील व जिला इकाई तक अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारीयों का निर्विरोध चयन होने पर सामाजिक बंधुओ को इस सामाजिक एकता के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धरमराज साहू ने करते हुए कहा कि सामाजिक निम्नावली समाज हित में है इसका शत-प्रतिशत पालन करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष कौशल साहू, रामकृष्ण साहू ने समाज को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। चोवा राम साहू ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दिया। जिला संरक्षक अधिवक्ता भोला राम साहू ने आपसी विवाद को सामाजिक समरसता के साथ समझौता पूर्वक निपटारा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपिस्थत थे।

**माघ पूर्णिमा के पावन पर श्रद्धालुओं ने पवित्र जल स्त्रोतों में लगाई आस्था का डुबकी**

# अंचल में मेला की रही धूम, झिरना तथा डोगरिया मेला में उमड़ी लोगों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

माघ पूर्णिमा के पावन मौके पर 1 फरवरी को सिद्ध ऐतिहासिक, सास्कृतिक, धार्मिक स्थल नर्मदा कुण्ड झिरना एवं शिवधाम प्रसिद्ध पर्यटन एवं आस्था केन्द्र डोंगरिया सहित अन्य ग्रामों में भव्य मेला का आयोजन किया गया। पर्व के मौके पर मेला पहुंचे लोगों ने स्थानीय नदी व जल कुण्डों में आस्था की डूबकी लगाकर मंदिरों में पूजा अर्चना की।

तत्पश्चात लोगों ने मेले का भ्रमण कर जमकर खरीददारी की। झिरना मेला की बात की जाए तो इस ऐतिहासिक मेला में लोगों की खासी भीड़ उमड़ी और लोगों ने जमकर मेला का आनंद लिया। मेला में व्यवसायियों द्वारा बड़ी संख्या में विभिन्न सामानो की दुकाने सजाई गई थी। जिनमें खासतौर पर मिठाई, एवं फ ल की दूकानों में खरीदारों की भारी भीड़ लगी हूई थी। मनिहारी एवं खिलौनो की दूकानो मे महिलाओं एवं बच्चो ने जमकर खरीददारी की। एक खिलौने व्यावसायी ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खिलौने का व्यवसाय अच्छा हुआ है। इसी प्रकार की जानकारी फ ल व्यावसायियों ने भी दिया है। मेले के दूसरी तरफ हवाई झूले का खास आकर्षण लोगों के बीच देखने को मिला। बच्चो ने ब्रेक डांस झूला का खूब मजा लिया। महिलाओं की ज्यादा भीड रायचूल झूला और मनियारी की ओर देखने को मिली। मेले मे विशेषकर मंदिरो एवं कुंडो को विद्युत बल्ब एवं झालरों से सजाया गया है जिसकी छटा संध्या में देखते ही बनती है। मंदिरों में पूजा अर्चना एवं मेले का आनंद लेने के लिए लोग चारपहिया एवं दोपहिया वाहन से दूरदराज से पहुंचे हुए थे। लोग मेला में फोटो ग्राफी का भी आनंद लेते देखे गए। एवं मेले की यादों को कैमरे मे कैद करते हुए नजर आये। बच्चों की ज्यादा भीड गुपचुप एवं चाट ठेलो मे नजर आयी। लोग झिरना मेले का आनंद उठाने के लिए वर्ष भर इंतजार करते है।

### डोंगरिया में लगा आस्था का मेला

समीपस्थ ग्राम डोंगरियाकला में जन जन की आस्था के केन्द्र धार्मिक एवं पर्यटक स्थल जालेश्वर महोदव में भी माघ पूर्णिमा के पावन मौके पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में जहां लोगों ने स्थानीय फोक नदी में आस्था की डुबकी लगाकार स्वयं- भू जालेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया वहीं मेला का भी भरपूर आनंद लिया। मेला में इस बार आकाष झूला, ब्रेक डांस, मौत का कुंआ सहित खिलौना, कपड़ा, खाने पीने का सामान, श्रृंगार और मिठाईयों की दर्जनों दुकाने सजाई गई थी। जिनमें लोगों ने जमकर खरीददारी की।

# कामठी में रामकथा का चौथे दिन श्रीराम वनवास के प्रसंग ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

वन अंचल के ग्राम कामठी में आयोजित भव्य श्रीराम कथा के चौथे दिन अयोध्याकांड की मर्मस्पर्शी प्रस्तुति हुई। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की सुयोग्या शिष्या और श्रीराम कथा कोकिला की उपाधि से विभूषित साध्वी नीलम गायत्री ने अपनी ओजस्वी वाणी और लोकरंजनी शैली में जब श्रीराम के वनवास का प्रसंग सुनाया, तो पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान साध्वी जी ने उस मार्मिक पल का वर्णन किया जब प्रभु श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिलता है। उन्होंने बताया कि कैसे मां सीता ने राजसी सुखों का त्याग कर अपने पति के साथ कांटों भरे रास्तों पर चलने की जिद की। माता कौशल्या द्वारा अपनी वधु और पुत्र को रोकने के हृदय विदारक प्रयासों का वर्णन सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। साध्वी जी ने कहा, सीता जी का समर्पण और कौशल्या मां का वात्सल्य भारतीय संस्कृति की वह पराकाष्ठा है, जो आज भी समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा में आगे लक्ष्मण जी के साथ जाने के हठ और उनके निस्वार्थ भ्रातृ प्रेम पर प्रकाश डाला गया। साध्वी नीलम गायत्री ने बड़े ही ओजस्वी स्वर में अयोध्यावासियों के शोक का चित्रण किया। उन्होंने बताया कि किस तरह संपूर्ण अयोध्या नगरी अपने प्राणप्रिय राजकुमारों और कुलवधू के विदा होने पर शोक के सागर में डूब गई थी। कथा के अंत में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कोदवागोडान का पूरा परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

